एकीकृत हथकरघा विकास योजना

दिशा निर्देश

हथकरघा विकास आयुक्त का कार्यालय
वस्त्र मंत्रालय
उद्योग भवन
नई दिल्ली

<u>एकीकृत हथकरघा विकास योजना (आईएचडीएस)</u>

1. <u>भूमिका</u>

हथकरघा क्षेत्र भारत में दूसरा सबसे बड़ा रोजगार प्रदाता है जो लगभग 65 लाख लोगों को रोजगार प्रदान कर रहा है । यह क्षेत्र हाथ से बुनाई की काफी पुरानी भारतीय परंपरा को बनाए रखने को दर्शाता है और बुनकर समुदायों की समाजिक सांस्कृतिक परंपरा को दर्शाता है । भारत सरकार अनेक नीतियों और कार्यक्रमों के माध्यम से हथकरघा क्षेत्र का संवर्धन करने और प्रोत्साहित करने की नीति अपनाती रही है । 9वीं और 10वीं योजनावधि में भारत सरकार की अधिकांश योजना संबंधी हस्तक्षेप हथकरघा क्षेत्र में राज्य एजेसियों और सहकारी समितियों के माध्यम से रही हैं । तथापि, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में वस्त्र उद्योग में बढ़ती हुई प्रतिस्पर्धात्मकता और एमएफए पश्चात वातावरण में उभरते हुए मुक्त व्यापार के अवसरों को देखते हुए, वैश्विककृत वातावरण की चुनौतियों को सामना करने के लिए हथकरघा बुनकरों को सुविधा प्रदान करने के वास्ते इस क्षेत्र में एक संकेन्द्रित परंतु लचीले व सुव्यवस्थित नीति को अपनाने की बढ़ती हुई आवश्यकता महसूस की गई है । उभरते हुए बाजार प्रवृतियों के अनुरूप विकास व विविधीकरण के लिए एक सतत मार्ग का रूपरेखा तैयार करने के लिए बुनकरों को सशक्त करने की भी आवश्यकता महसूस की गई है । एकीकृत हथकरघा विकास योजना (आईएचडीएस) अभिज्ञात हथकरघा समूहों में अथवा उससे बाहर स्थित हथकरघा बुनकरों के सतत विकास को सुविधा प्रदान कर एक सामंजस्यपूर्ण, स्वनिर्भर और प्रतिस्पर्धी सामाजिक आर्थिक इकाई में परिणत करने का एक प्रयास है ।

2. एकीकृत हथकरघा विकास योजना (आईएचडीएस)- केंद्रीय रूप से प्रायोजित एक योजना स्कीम

11वीं योजना के दौरान कार्यान्वित की जाने वाली एकीकृत हथकरघा विकास योजना (आईएचडीएस) को चार योजनाओं अर्थात दीन दयाल हथकरघा प्रोत्साहन योजना (डीबीएचपीवाई), एकीकृत हथकरघा प्रशिक्षण परियोजना (आईएचटीपी), एकीकृत हथकरघा सामूहिक विकास योजना (आईएचसीडीएस) और कार्यशाला सह आवास योजना में संशोधन सहित अथवा उसके बिना आवश्यक संघटकों को मिलाकर केंद्रीय रूप प्रायोजित योजना स्कीम के रूप में बनाया गया है ।

3. योजना के संघटक

इस योजना के निम्नलिखित चार संघटक हैं-

क्र.सं.	आईएचडीएस के संघटक	वित्तीय सहायता के लिए पात्र आईएचडीएस के उपसंघटक
क.	प्रति समूह 300-500 की श्रेणी में हथकरघा वाले समूह	1. बेसलाइन सर्वेक्षण, निदान संबंधी अध्ययन और स्वयं सहायता समूहों का निर्माण (एसएचजी). 2. कन्सोर्टियम का निर्माण 3. यार्न भंडारों की स्थापना के लिए कॉरपस निधि 4. डिजाइन विकास एवं उत्पाद विविधीकरण 5. साझा सुविधा केंद्र/डाई हाऊस 6 प्रचार एवं विपणन 6. परियोजना प्रबंधन लागत 7. बेसिक इनपुट्स 8. कौशल उन्नयन 9. कार्यशाला का निर्माण
ख.	समान भौगोलिक क्षेत्रों में समूह से	क. बेसिक इनपुट्स

	बाहर परियोजना रूप में कार्यान्वित किए जाने के लिए सामूहिक नीति	ख. कार्यशाला का निर्माण ग. कौशल उन्नयन
ग.	हथकरघा संगठनों के लिए सहायता	1. विपणन प्रोत्साहन 2. हथकरघा संगठनों का सुदृढीकरण
घ.	अन्य	1. अभिनव विचार 2. प्रचार, मानिटरिंग, पर्यवेक्षण, प्रशिक्षण और योजना का मूल्यांकन

4. इस योजना का उद्देश्य

- चयनित हथकरघा समूहों ने एक दृष्टिगत उत्पादन समूह के रूप में हथकरघा बुनकर समूहों के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना ।
- आत्मनिर्भर बनने के लिए हथकरघा बनुकर समूहों सहायता देना ।
- सहकारी समिति के भीतर और बाहर दोनों में बुनकरों को शामिल करने के लिए एक समाविष्ट नीति ।
- बाजार की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उन्नत गुणवत्ता वाले विविधीकृत उत्पादों का उत्पादन करने के लिए हथकरघा बुनकरों/समूहों के कौशलों का उन्नयन करना ।
- बुनकरों को उन्हें उन्नत उत्पादकता वाले उत्कृष्ट उत्पादों का उत्पादन करने के लिए सक्षम बनाने के वास्ते उपयुक्त कार्यस्थल प्रदान करना ।
- विपणन, डिजाइनिंग और उत्पादन का प्रबंधन करने के लिए उद्यमियों, डिजाइनरों और पेशेवरों को शामिल कर बाजार उन्मुखीकरण ।
- वित्तीय संस्थाओं/बैकों से ऋण की प्रक्रिया को आसान बनाना ।
- बुनकरों के सहकारीकरण को प्रोत्साहित करना ।
- प्रत्येक समूह को आवश्यकता आधारित इनपुट्स प्रदान करने के लिए सुव्यवस्थित और लचीले हस्तक्षेप ।

भाग - क

(क) सामूहिक विकास कार्यक्रम (300-500 की श्रेणी में हथकरघा वाले हथकरघा समूह के लिए सहायता)

सामूहिक विकास नीति एक दृष्टिगत संस्था के रूप में बुनकर समूहों के निर्माण पर केंद्रित है ताकि ये समूह आत्मनिर्भर बन सकें । 625 समूहों जिसमें प्रत्येक समूह में लगभग 300-500 हथकरघा कवर होता है, को 11वीं योजनावधि के दौरान शुरू किया जाएगा । इसमें वे 100 समूह भी शामिल होंगे जिनके लिए निदान संबंधी अध्ययन वर्ष 2006-07 के दौरान पूरा कर लिया गया है और वर्ष 2007-08 के बजट में इन समूहों की घोषणा की गई है ।

(क.1) समूह की परिभाषा

हथकरघा समूह की परिभाषा एक ऐसे जगह के रूप में की जा सकती है जहां हथकरघा फैब्रिक्स का उत्पादन करने वाले हथकरघा का बहुत बडा सकेंद्रण है जो बाजार की मांगों की अनुरूप होगा । ये हथकरघें को एक प्रशासनिक जिला के भीतर अथवा दो जिलों में (अधिकतर सटे हुए) दो समीवर्ती राजस्व उपमंडलों/गांवों के निकट में अवस्थित हो सकते हैं । अपेक्षाकृत लघु और भारी राज्यों में जहां गांव/उपमंडल छोटे आकार के हैं, वहां गांवों/उपमंडलों की संख्या बढायी जा सकती है ताकि समूह का न्यूनतम महत्वपूर्ण आकार सुनिश्चित किया जा सके । देश भर में अनेक समूहों में, हथकरघों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक है लेकिन योजना के उद्देश्य से, समूह का आकार 300-500 की श्रेणी में हथकरघा वाले समूह के हिस्से तक सीमित किया जाएगा ।

(क.2) बेसलाइन सर्वेक्षण, निदान संबंधी अध्ययन और सामूहिक विकास कार्यपालक (सीडीई)

(क.2.1) बेसलाइन सर्वेक्षण

बेसलाइन सर्वेक्षण में समूह के प्रोफाइल तैयार करने के लिए अर्थात सक्रिय हथकरघों की संख्या, हथकरघों का प्रकार, बुनकरों की संख्या (पुरूष/महिलाएं-सामान्य/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग/अन्य अल्पसंख्यक/इत्यादि), प्रयोग किए गए यार्न का प्रकार, उत्पादन श्रृंखला, औसत बुनकर आय आदि के लिए समूह के प्रत्येक बुनकर (300-500 करघे) का दौरा अपेक्षित होगा । बेसलाइन सर्वेक्षण और निदान संबंधी अध्ययन करने के लिए संगठन का प्रोफाइल के लिए एक प्रोफार्मा **अनुबंध-क-1** मे दिया गया है । बेसलाइन सर्वेक्षण और समूह में अलग-अलग बुनकरों को अपेक्षित सहायता के ब्यौरे के लिए एक प्रोफार्मा **अनुबंध-क-2** में दिया गया है ।

(क.2.2) निदान संबंधी अध्ययन

समूहों का निदान कार्यान्वयन योग्य कार्य योजना करने के प्रति पहला कदम है । यह शक्तियों और कमजोरियों, उस वातावरण की पहचान करने में सहायता करेगा जिसमें समूह कार्य करता है और प्रभावी उत्पादन के लिए कौन-कौन से नीतिगत कदम उठाये जाने की आवश्यकता है । यह निदान नीतिगत दिशा और संभावित उत्पादन प्रदान करेगा जो ये समूह एक समयावधि में प्राप्त करना चाहते हैं । वास्तविक कार्य बिन्दु आपसी विश्वास बनाने और समूह में कार्य वाले व्यक्तियों द्वारा उसकी पुष्टि से सामने आएगा । निदान का उद्देश्य (क) वर्तमान परिदृश्य जिसके तहत हथकरघा समूह में कार्य रहे हैं, को समझना और उसका विश्लेषण करना है अर्थात कार्यकलाप विश्लेषण, उत्पादन क्रियाकलाप की प्रकृति, उत्पादों की प्रोफाइलिंग, उत्पादन का पैटर्न और इसके लिए मौजूदा बाजार संभावना (ख) समूहों की शक्ति, कमजोरी, अवसर और चुनौतियों का विश्लेषण (ग) अंतरों और बाधाओं की पहचान करने के लिए मूल्यश्रृंखला विश्लेषण (घ) हथकरघा उत्पादकों की सेवा करने वाले स्थानीय संगठन का सामाजिक/संस्थागत विश्लेषण (ड.) सामाजिक आर्थिक वातावरण को समझना जिसमें समूह कार्य करता है (च) समूह और बाजार की संभावना का सही उपयोग करने के लिए अपेक्षित कार्य योजना के मामले में सिफारिशें आदि । की गई निदान संबंधी अध्ययन और कार्य योजना का ब्यौरा प्रस्तुत करने के लिए प्रोफार्मा **अनुबंध-क-3** में दिया गया है ।

(क.2.3) सामूहिक विकास कार्यपालक (सीडीई)

प्रत्येक कार्यान्वयन एजेसी अन्नय रूप से सामूहिक विकास कार्यपालक (सीडीई) की पहचान और पदस्थापित करेगा जो समूह में स्थित होगा और दिए गए समूह में इस योजना के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार होगा । सीडीई की जिम्मेदारियों में निदान संबंधी अध्ययन करना, परियोजना रिपोर्ट तैयार करना, सामूहिक कार्य योजना के अनुसार समय सीमा में इस परियोजना के कार्यान्वयन, बुनकरों के स्वयं सहायता समूहों का निर्माण और इन्हें बैंकों/वित्तीय संस्थाओं से जोड़ना, स्थानीय शासन ढ़ाचा बनाना, समूहों के बुनकरों को राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम लि., लखनऊ के साथ अपेक्षित मात्रा में उत्कृष्ट यार्न, रंजक रसायनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के वास्ते जोड़ना आदि शामिल होगा । सामूहिक विकास की प्रक्रिया में समूह स्तर के स्टेक होल्डरों को शामिल करने, सीडीई की क्रियाकलापों में सहायता देने और मानिटरिंग करने के उद्देश्य से संबंधित राज्य स्तरीय हथकरघा सहायक निदेशक अथवा राज्य हथकरघा व वस्त्र निदेशक द्वारा नामित किसी अन्य अधिकारी (जो हथकरघा का कार्य देख रहे हों), की अध्यक्षता में एक सामूहिक विकास समन्वय समह (सीडीसीजी) समूह स्तर पर बनाया जाएगा जिसने बुनकरों, स्वयं सहायता समूहों, प्राथमिक बुनकर सहकारी समितियों, हथकरघा उपक्रमों, निर्यात इकाइयों और सहायता सेवा संस्थाओं, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), बैंकों, राज्य सरकार के एजेंसियों के प्रतिनिधि होंगे ।

(क.3) समूह विकास के लिए वित्तीय सहायता के वास्ते पात्र मदें

प्रत्येक समूह की अधिकतम परियोजना लागत 3 वर्षों की परियोजना अवधि के लिए 60.00 लाख रू. होगी ।

(A.3.1) सामूहिक विकास :बेसलाइन सर्वेक्षण, निदान संबंधी अध्ययन और स्वयं सहायता समूहों का निर्माण

चयनित समहों के लिए सामूहिक विकास नीति अपनायी जाएगी जिसमें एक अभिज्ञात कार्यान्वयन एजेंसी समूह का बेसलाइन सर्वेक्षण व निदान संबंधी अध्ययन करेगी और विभिन्न स्टेक होल्डरों के परामर्श से एक व्यापक सामूहिक विकास योजना बनाएगी । कार्यान्वयन एजेंसी समूह में स्वयं सहायता समूहों को बनाएगी और उसे ऋण प्राप्त करने के लिए किसी बैंक के साथ जोड़ेगी । बेसलाइन सर्वेक्षण, निदान सबंधी अध्ययन, स्वयं सहायता समूहों के निर्माण और उनके प्रशिक्षण के लिए एकमुश्त सहायता प्रति समूह 1,25,000 रू. होगी । ऐसे मामलों में जहां राज्य सरकार कार्यान्वयन एजेंसी है बेसलाइन सर्वेक्षण, निदान सबंधी अध्ययन, स्वयं सहायता समूहों के निर्माण राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा और कोई वित्तीय सहायता उस प्रयोजन से नहीं दी जाएगी ।

(क.3.2) कन्सोर्टियम का निर्माण

कन्सोर्टियम में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी), सहकारी समितियों, सिद्धहस्त बुनकरों, निजी उद्यमियों,गैर सरकारी संगठनों आदि से स्टेक हॉल्डर शामिल होंगे जिन्हें बुनकरों के साथ बातचीत करने की आवश्यकता होगी और संबंधित संगठनों जैसे बैंकों/वित्तीय संस्थाओं, विपणन संस्थाओं/विपणन विशेषज्ञों, विपणन कर्त्ताओं, कानूनी विशेषज्ञों, सरकारी मशीनरियों, बुनकरों आदि के साथ संपर्क स्थापित करना होगा । प्रति समूह 50,000/ रू. की एकमुश्त सहायता बैठकों के आयोजन, स्टेशनरी की खरीद, क्षेत्र के दौरे, व्यापार एवं जागरूकता प्रशिक्षण, कन्सोर्टियम को शामिल करने के लिए कानूनी विशेषज्ञों को बहाल करने और व्यापार के विकास के लिए अन्य पेशेवरों को कार्य पर रखने के लिए व्यय को पूरा करने के वास्ते इस संघटक के तहत दिया जाएगा । यह 100% केंद्रीय अनुदान के रूप में एक समूह को एक बार दिया जाएगा । अंततोगत्वा कन्सोर्टियम तीसरे वर्ष में अथवा उसके बाद समूह के क्रियाकलापों को अपने हाथ में लेगा और उसके बाद स्वयं सतत आधार पर इसे चलाएगा ।

(क.3.3) यार्न भंडारों की स्थापना के लिए कॉरपस निधि

वर्तमान में बुनकर/एजेंसी को राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी) को यार्न की खरीद के लिए अग्रिम राशि का भुगतान करना होता है और यार्न की डिलिवरी एनएचडीसी द्वारा लगभग 3-4 सप्ताहों की समय सीमा में किया जाता है । इससे उत्पादन की प्रक्रिया में विलंब होता है । इसप्रकार एक माह में 300-500 करघों के लिए अपेक्षित काउंट के यार्न की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, 3.00 लाख रू. की एक मुश्त सहायता एनएचडीसी को कॉरपस निधि के रूप में प्रदान की जाएगी जो इसे समूह में यार्न भंडार के माध्यम से बुनकरों को यार्न की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सक्षम बना सके । यार्न की आपूर्ति यार्न भंडारों द्वारा बुनकरों को भुगतान की तुलना में की जाएगी।

(क.3.4) डिजाइन विकास एवं उत्पाद विविधीकरण

कंप्यूटर साहायित वस्त्र डिजाइन (सीएटीडी) प्रणाली की खरीद, रंगपूर्वानुमान, प्रवृत्ति पूर्वानुमान और अन्य संबद्ध आवश्यकताओं के लिए 3.00 लाख रू. की एकमुश्त सहायता प्रदान की जाएगी जिसका बंटवारा समान रूप से केंद्र सरकार और राज्य सरकार/लाभार्थी/कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा किया जाएगा । 6.00 लाख रू. की सहायता 3 वर्षों की अवधि के लिए एक सुयोग्य डिजाइनर की नियुक्ति के लिए दी जाएगी । डिजाइनर की नियुक्ति के लिए संपूर्ण सहायता का वहन भारत सरकार द्वारा किया जाएगा ।

(क.3.5) साझा सुविधा केंद्र/डाई हाऊस

एकमुश्त सहायता साझा सुविधा केंद्र की स्थापना के लिए उपलब्ध होगा जिसमें जल आशोधन संयंत्र, बहिस्राव आशोधन संयंत्र, करधा पूर्व और करघा पश्चात क्रियाकलाप, गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला, प्रदर्शन हॉल/समिति कक्ष/साझा कार्यगृह शामिल होगा । तथापि, आवश्यकता पड़ने पर सीएफसी के भाग के रूप में डाई हाउस सार्वजनिक निजी भागीदारी रूप में विकसित किया जाएगा जो इस शर्त के अध्यधीन होगा कि इसका 20% लागत राज्य/उद्यमी/एजेंसी/कन्सोंटियम द्वारा वहन किया जाएगा और शेष 80% राशि केंद्रीय अनुदान के रूप में दी जाएगी । मौजूदा रंजनगृह के उन्नयन के लिए सहायता पर भी विचार किया जा सकता है, यदि यह समझा गया कि नए रंजनगृह के निर्माण की आवश्यकता नहीं है ।

साझा सुविधा केंद्र/डाई हाउस की स्थापना के लिए, एक परियोजना रिपोर्ट राज्य सरकार के माध्यम से कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा और उसका अनुमोदन उसकी व्यवहार्यता और पड़ोस के क्षेत्र में उपलब्ध मौजूदा सुविधाओं पर विचार करने के बाद विकास आयुक्त, हथकरघा की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा किया जाएगा । साझा सुविधा केंद्र/डाई हाउसों की स्थापना के लिए कुल सहायता अधिकतम 30.00 लाख रू. होगी । डाई हाउस की स्थापना आवश्यकतानुसार केवल बडे समूहों में की जाएगी ।

(क.3.6) प्रचार एवं विपणन

भारत और विदेश में हथकरघा को प्रदर्शित करने और उत्कृष्ट हथकरघा उत्पादों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए वित्तीय सहायता प्रचार और बाजार विकास के लिए पात्र संगठनों को दिया जाएगा । इसमें विज्ञापन, पुस्तिकाओं की छपाई, कैटलॉग्स, बाजार अनुसंधान, बाजार सर्वेक्षण, क्रेता-विक्रेता बैठक, अन्य समूहों में अनुभव के लिए दौरे, जागरूकता कार्यक्रमों आदि के लिए व्यय शामिल होगा । इन उद्देश्यों से सहायता केंद्र सरकार और राज्य/कार्यान्वयन एजेंसी/लाभार्थियों के बीच 75:25 के अनुपात में बांटा जाएगा । ब्यौरा निम्नलिखितानुसार है:

i) विज्ञापन, पुस्तिकाओं की छपाई, कैटलॉग्स के लिए 3 वर्षों की अवधि में 50,000/- रू. की सहायता केंद्र सरकार और राज्य/कार्यान्वयन एजेंसी/लाभार्थियों के बीच 75:25 के अनुपात में बांटा जाएगा ।
ii) 3 प्रदर्शनियों/मेलाओं के आयोजन/उसमें भाग लेने के लिए 3 वर्षों की अवधि में 6.00 लाख रू. की सहायता केंद्र सरकार और राज्य/कार्यान्वयन एजेंसी/लाभार्थियों के बीच 75:25 के अनुपात में बांटा जाएगा ।
iii) 6 क्रेता-विक्रेता बैठकों के आयोजन/उसमें भाग लेने के लिए तीन वर्षों की अवधि में 3.00 लाख रू. की सहायता केंद्र सरकार और राज्य/कार्यान्वयन एजेंसी/लाभार्थियों के बीच 75:25 के अनुपात में बांटा जाएगा ।
iv) बाजार प्रवृत्तियों की सूचना प्राप्त करने के लिए बाजार सवेक्षण/बाजार आसूचना के लिए 1.00 लाख रू. की एकमुश्त सहायता केंद्र सरकार और राज्य/कार्यान्वयन एजेंसी/लाभार्थियों के बीच 75:25 के अनुपात में बांटा जाएगा ।
v) बुनकरों के अन्य समूहों में जागरूकता और अनुभव दौरे के लिए केंद्र सरकार द्वारा पूर्ण रूप से वित्त प्रदान किए जाने के लिए प्रति समूह 3 वर्षों की अवधि में 3.00 लाख रू. तक की सहायता प्रति बुनकर को 3000 रू. की दर से दी जाएगी ।
vi) 0.25 लाख रू. की एकमुश्त सहायता केंद्र सरकार द्वारा समूह के बेवसाइट को विकसित करने और उसे प्रदर्शित करने के लिए दिया जाएगा ।

प्रचार और विपणन के लिए अधिकतम सहायता कुल परियोजना लागत का 20% से अधिक नहीं होगा ।

(क.3.7) परियोजना प्रबंधन लागत

3 वर्षों तक प्रति समूह 2.40 लाख प्रति वर्ष तक वित्तीय सहायता कार्यान्वयन एजेंसी को परियोजना प्रबंधन लागत पूरा करने के लिए प्रदान किया जाएगा। यदि राज्य सरकार अथवा इसकी संबद्ध कार्यालय कार्यान्वयन एजेंसी है तब प्रति समूह प्रति वर्ष केवल 25000 रू. परियोजना प्रबंधन लागत के रूप में दिया जाएगा ।

300-500 हथकरघा वाले समूहों के लिए वित्तीय सहायता का बंटवारा और संघटकों का सार

क्र. सं.	संघटक	प्रति समूह वित्तीय सहायता	बंटवारा भारत सरकार : राज्य : आईए / लाभानुभोगी
1.	*बेसलाइन सर्वेक्षण, निदान संबंधी अध्ययन और स्वयं सहायता समूहों का निर्माण	1.25 लाख रू. एक मुश्त	100% भारत सरकार
2.	कन्सोर्टियम का निर्माण	50,000 रू. एक मुश्त	100% भारत सरकार
3.	यार्न भंडारों के लिए कॉरपस निधि	3.00 लाख रू. एक मुश्त	100% भारत सरकार
4.	डिजाइन विकास एवं उत्पाद विविधीकरण	कंप्यूटर साहायित वस्त्र डिजाइन केंद्र (सीएटीडी) की खरीद, रंग पूर्वानुमान, प्रवृति पूर्वानुमान के लिए 3.00 लाख रू. एक मुश्त	50 : 50
		6.00 लाख रू. 3 वर्षों तक **डिजाइनर की नियुक्ति के लिए	100% भारत सरकार
5.	साझा सुविधा केंद्र/डाई हाऊस (कुल परियोजना लागत का अधिकतम 50% तक)	30.00 लाख रू. एक मुश्त	सीएफसी - 100% भारत सरकार, डाइ हाउस - 80 : 20 भारत सरकार : राज्य/आईए/कंसोर्टिया द्वारा
6.	प्रचार एवं विपणन (कुल परियोजना लागत का अधिकतम 20% तक)	50,000 रू. 3 वर्षों की अवधि के लिए विज्ञापन, पुस्तिका, कैटलॉग के लिए	75 : 25
		6.00 लाख रू. 3 वर्षों की अवधि के लिए तीन मेलों/प्रदर्शनियों के लिए	75 : 25
		3.00 लाख रू. 3 वर्षों की अवधि के लिए छः क्रेता-विक्रेता बैठकों के लिए	75 : 25
		1.00 लाख रू. बाजार सर्वेक्षण/आसूचना के लिए - एक मुश्त	75 : 25
		3.00 लाख रू. 3 वर्षों की अवधि के लिए 3000 रू. प्रति बुनकर की दर से जागरूकता एवं अनुभव दौरे के लिए	100% भारत सरकार
		25,000 रू. बेवसाइट बनाने और उसे प्रदर्शित करने के लिए - एक मुश्त	100% भारत सरकार
7.	*** परियोजना प्रबंधन लागत	2.40 लाख रू. प्रति वर्ष की दर से 3 वर्षों की अवधि के लिए 7.20 लाख	100% भारत सरकार

क्र. सं.	संघटक	प्रति समूह वित्तीय सहायता	बंटवारा भारत सरकार : राज्य : आईए / लाभानुभोगी
		रू.	

टिप्पणी:

(i) * ऐसे मामले में जहां राज्य सरकार कार्यान्वयन एजेंसी है, बेसलाइन सर्वेक्षण, निदान संबंधी अध्ययन और स्वयं सहायता समूहों का निर्माण राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा और उस प्रयोजन से कोई वित्तीय सहायता नहीं दी जाएगी ।

(ii) ** समूह में नियुक्त किए जाने वाले वस्त्र डिजाइनर को कम से कम तीन वर्षों का अनुभव हो । उसे निफ्ट/एनआइडी से स्नातक होना चाहिए । यदि अन्य संस्थानों के डिजाइनरों की नियुक्ति की जानी है तब उसकी नियुक्ति विकास आयुक्त (हथकरघा) की पूर्वानुमति से की जाए और उसका/उसकी बायोडाटा प्रस्ताव के साथ इस कार्यालय को भेजी जाए । जहां तक संभव हो डिजाइनर समूह के आसपास का अथवा उसी राज्य का हो ।

(iii) *** ऐसे मामले में जहां राज्य सरकार अथवा इसकी संबद्ध कार्यालय कार्यान्वयन एजेंसी है, प्रति वर्ष प्रति समूह केवल 25,000 रू. परियोजना प्रबंधन लागत के रूप में दी जाएगी ।

(क.3.8) समूह में अलग-अलग बुनकरों के लिए सहायता

बेसिक इनपुट्सऔर कार्यशालाओं के निर्माण के लिए अलग-अलग बुनकरो को सहायता भी उस समूह में दिया जाएगा जिनमें 300-500 करघे हैं । तथापि, इन संघटकों को मिलाकर सहायता प्रति समूह 60 लाख रू. की समूह की अधिकतम देय परियोजना लागत का 25% तक होगा । ब्यौरा नीचे दिया गया है:

(क.3.8.1) बेसिक इनपुट्स

क) कार्यशील पूंजी के लिए मार्जिन धन

मार्जिन धन के लिए सहायता स्वयं सहायता समूहों और समितियों में संगठित बुनकरों को प्रति बुनकर 6,000.00 रू. की दर से दी जाएगी । 70% सहायता केंद्र सरकार द्वारा, 20% राज्य सरकार द्वारा और शेष 10% कार्यान्वयन एजेंसी/लाभार्थी द्वारा बांटा जाएगा ।

ख) नए करघे

नए करघे की खरीद के लिए सहायता स्वयं सहायता समूहों और समितियों में संगठित बुनकरों को प्रति बुनकर 4,000.00 रू. की दर से दी जाएगी । 70% सहायता केंद्र सरकार द्वारा, 20% राज्य सरकार द्वारा और शेष 10% कार्यान्वयन एजेंसी/लाभार्थी द्वारा बांटा जाएगा ।

ग) डॉबी

डॉबी की खरीद के लिए सहायता स्वयं सहायता समूहों और समितियों में संगठित बुनकरों को प्रति बुनकर 4,000.00 रू. की दर से दी जाएगी । 70% सहायता केंद्र सरकार द्वारा, 20% राज्य सरकार द्वारा और शेष 10% कार्यान्वयन एजेंसी/लाभार्थी द्वारा बांटा जाएगा ।

घ) जेकॉर्ड

जेकॉर्ड की खरीद के लिए सहायता स्वयं सहायता समूहों और समितियों में संगठित बुनकरों को प्रति बुनकर 6,000.00 रू. की दर से दी जाएगी । 70% सहायता केंद्र सरकार द्वारा, 20% राज्य सरकार द्वारा और शेष 10% कार्यान्वयन एजेंसी/लाभार्थी द्वारा बांटा जाएगा ।

ड.) एक्सेसरीज

एक्सेसरीज की खरीद के लिए सहायता स्वयं सहायता समूहों और समितियों में संगठित बुनकरों को प्रति बुनकर 2,000.00 रू. की दर से दी जाएगी । 70% सहायता केंद्र सरकार द्वारा, 20% राज्य सरकार द्वारा और शेष 10% कार्यान्वयन एजेंसी/लाभार्थी द्वारा बांटा जाएगा ।

टिप्पणी : **पूर्वोत्तर क्षेत्र के तहत आने वाले राज्यो, सिक्किम, जम्मू व कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तरांचल, छतीसगढ और झारखंड के लिए बेसिक इनपुट् संघटकों के वास्ते बंटवारा का पैटर्न केंद्र सरकार द्वारा 90%, राज्य सरकार द्वारा 5% और कार्यान्वयन एजेंसी/लाभार्थी द्वारा 5% होगा ।**

प्रस्तावों की सिफारिश बुनकरों की वास्तविक आवश्यकताओं का मूल्यांकन करने के बाद ही किया जाएगा । एक समूह में बेशी इनपुट्स की आवश्यकता दर्शाते हुए एक प्रपत्र **अनुबंध- क-2** में दिया गया है ।

(क3.8.2) कार्यशाला का निर्माण

कार्याशालाओं के निर्माण के लिए सहायता निम्नलिखितानुसार दी जाएगी:

संघटक	**प्रति इकाई क्षेत्र**	**सहायता की राशि**
कार्यशाला का निर्माण	20 वर्ग मी.	25,000/- रू.

जबकि केंद्रीय सहायता उपर्युक्त स्तर तक सीमित होगी, फिर भी राज्य सरकार/संघ शासित क्षेत्र/कार्यान्वयन एजेंसियों/लाभार्थी अपने निजी अंशदान अथवा वित्तीय संस्थाओं से ऋण के माध्यम से अतिरिक्त लागत यदि कोई हो, को पूरा करने के लिए स्वतंत्र होंगे ।

इस संघटक के तहत गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) के बुनकरों को वरीयता दी जाएगी । भवनों के निर्माण के लिए, बुनकर ग्रामीण विकास मंत्रालय की इंदिरा आवास योजना के तहत सहायता प्राप्त कर सकते हैं जबकि कार्यशाला

के लिए सहायता उनके द्वारा इस योजना के तहत प्राप्त की जा सकती है । बीपीएल के अलावा बुनकरों पर विचार बीपीएल के तहत आने वाले बुनकरों को यथासंभव शामिल किए जाने बाद ही किया जाएगा । 25000 रू. की संपूर्ण सहायता बुनकरों के बीपीएल के तहत आने की स्थिति में केंद्र सरकार द्वारा पूरा किया जाएगा जबकि उन बुनकरों जो बीपीएल के तहत नहीं आ रहे हैं को केंद्र सरकार द्वारा 75% की सीमा तक अर्थात 18,750 रू. की सहायता दी जाएगी और शेष राशि का वहन राज्य सरकार/लाभार्थी द्वारा किया जाएगा । इस आशय का एक प्रमाण पत्र कि जमीन का हक बुनकर के नाम से है, प्रस्तुत किया जाना होगा ।

(क.3.8.3) कौशल उन्नयन

प्रशिक्षण और पुन: प्रशिक्षण हथकरघा बुनकरों/कामगारों के लिए उन्हें बदलती हुई बाजार प्रवृत्तियों को पूरा करने के लिए उन्नत गुणवत्ता वाले विविधीकृत उत्पादों का उत्पादन करने के लिए महत्वपूर्ण इनपुट्स है । यह योजना हथकरघा क्षेत्र में हथकरघा बुनकरों/कामगारों को तकनीकी और प्रबंधकीय कौशलों के उन्नयन से संबंधित मसलों को सुव्यस्थित दृष्टिकोण देती है । 20 प्रशिक्षुओं के प्रति बैच को सहायता दर्शाए गए निम्नलिखित विषयों और कार्यक्रमों में उनमें से प्रत्येक के लिए 100% केंद्रीय अनुदान होगी :

(क) बुनाई - प्रति बैच 3,00,000/- रू. की दर से
(ख) डाइंग - प्रति बैच 1,00,000/- रू. की दर से
(ग) डिजाइन - प्रति बैच 50,000/- रू. की दर से
(घ) एसएचजी/प्राथमिक बुनकर सहाकारी समिति/कंसोर्टियम आदि के प्रबंधकीय स्टाफ के प्रशिक्षण के लिए प्रबंधकीय कार्यशाला - प्रति बैच 25,000/- रू. की दर से (50 प्रशिक्षु) ।

कौशल उन्नयन के लिए दिशा निर्देश परिशिष्ट में दिए गए हैं । कौशल उन्नयन के लिए अधिकतम सहायता कुल परियोजना लागत का 15% से अधिक नहीं होगा । समूह में बुनकरों/कामगारों का कौशल उन्नयन कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा किया जाएगा ।

300-500 हथकरघा वाले समूहों के लिए वित्तीय सहायता का बंटवारा और संघटकों का सार

क्र. सं.	संघटक	प्रति समूह वित्तीय सहायता	बंटवारा भारत सरकार : राज्य : आईए / लाभानुभोगी
(क)	बेसिक इनपुट्स	मार्जिन धन के लिए 6,000/- रू. - एक मुश्त	70 : 20 : 10
		नए करघे के लिए 8,000/- रू. - एक मुश्त	-वही-
		डॉबी के लिए 4,000/- रू. - एक मुश्त	-वही-
		जेकॉर्ड के लिए 6,000/- रू. - एक मुश्त	-वही-
		एक्सेसरीज के लिए 2,000/- रू. - एक मुश्त	-वही-
(ख)	कार्यशाला का निर्माण	20 वर्ग मी. वाले कार्यशाला के निर्माण के लिए, 25,000/- रू. तक वित्तीय सहायता भारत सरकार द्वारा गरीबी रेखा से नीचे के बुनकरों के लिए दी जाएगी और अन्य बुनकरों के मामले में भारत सरकार का केवल 25,000/- रू. का 75% अर्थात 18,750/- रू. देगी ।	शेष राशि राज्य सरकार/लाभार्थी द्वारा वहन किया जाएगा
(ग)	कौशल उन्नयन (कुल परियोजना लागत का अधिकतम 15%)	20 प्रशिक्षुओं के बैच के लिए प्रावधान निम्नलिखित होगा: बुनाई के लिए 3.00 लाख रू., डाइंग के लिए 1.00 लाख रू., डिजाइनिंग के लिए 0.50 लाख रू.,, 50 प्रशिक्षुओं के बैच के लिए प्रबंधकीय प्रशिक्षण के वास्ते 0.25 लाख रू.- एक मुश्त	100 % भारत सरकार

टिप्पणी:

क्रम सं. (क) और (ख) में दिए गए संघटकों के लिए सहायता संबंधित राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वयन एजेंसी (आईए) को रिलीज किया जाएगा ।

(क.4) सहायता की मात्रा

सहायता की राशि आवश्यकता आधारित होनी चाहिए जो समूह की आवश्यकता, समूह विकास परियोजना में परिकल्पित क्रियाकलापों के विस्तार, समूह संगठन की तकनीकी, वित्तीय और प्रबंधकीय क्षमता, परिपक्वता का स्तर और समूह का विगत निष्पादन आदि पर निर्भर करेगी । प्रत्येक समूह के लिए अधिकतम देय परियोजना लागत 3 वर्षों की परियोजना अवधि (अलग-अलग बुनकरों को सहायता सहित) के लिए प्रति समूमह 60.00 लाख रू. से अधिक नहीं होगा और इसमें केंद्रीय, राज्य और कार्यान्वयन एजेंसी/लाभार्थी का हिस्सा शामिल होगा ।

(क.5) राज्य स्तरीय परियोजना समिति (एसएलपीसी)

राज्य स्तरीयय परियोजना समिति (एसएलपीसी) की अध्यक्षता हथकरघा व वस्त्र के राज्य आयुक्त/निदेशक करेंगे जिसमें हथकरघा क्षेत्र में कार्यरत एक प्रतिष्ठित गैर-सरकारी संगठन, हथकरघा संगठन (शीर्ष बुनकर सहकारी

समिति अथवा राज्य हथकरघा निगम), प्रमुख निर्यातक, प्रभारी अधिकारी, संबंधित बुनकर सेवा केंद्र और एसएसजी के समूह के बुनकर के प्रतिनिधि शामिल होंगे । एसएलपीसी परियोजना प्रस्तावों की छानबीन करने, कार्य योजना की वैधता की जांच करने, मानिटरिंग, मूल्यांकन आदि के लिए जिम्मेदार होगें और कार्यान्वयन एजेंसी की सिफारिश भी करेंगें ।

(क.6) कार्यान्वयन एजेंसी

राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेश, कार्यान्वयन एजेंसियों अर्थात राज्य सरकार के कार्यालय जैसे हथकरघा निदेशालय एवं संबद्ध कार्यालय, राज्य हथकरघा निगम, शीर्ष सहकारी समितियों, गैर-सरकारी संगठनों (राज्य सरकारों द्वारा की गई सिफारिश और हथकरघा विकास आयुक्त के कार्यालय द्वारा अनुमोदित) से प्रस्ताव प्राप्त करेंगे। कार्यान्वयन एजेंसियां (आईए) हथकरघा एवं वस्त्र निदेशक एवं राज्य सरकार के संबद्ध कार्यालय, राज्य हथकरघा निगम, शीर्ष सहकारी समितियों, संगठनों, राज्य सरकारों द्वारा की गई सिफारिश और हथकरघा विकास आयुक्त के कार्यालय द्वारा अनुमोदित गैर-सरकारी संगठनों, राष्ट्र स्तरीय हथकरघा संगठनों और केंद्र सरकार के संगठन हैं। एनजीओ की ग्रेडिंग का एक प्रपत्र **अनुबंध -क-4** में दिया गया है । कुल 100 में से कम से कम 60 अंक प्राप्त करने वाले गैर-सरकारी संगठनों पर ही विचार किया जाएगा । कार्यान्वयन एजेंसियों को कर्तव्य निम्नलिखित हैं-

(i) समूह विकास कार्यकारी अधिकारी (सीडीई) की पहचान करना,
(ii) सीडीई के प्रशिक्षण के वास्ते राज्य सरकार/राज्य स्तरीय परियोजना समिति के साथ बातचीत करना,
(iii) बेस लाइन सर्वेक्षण और निदान संबंधी अध्ययन करना,
(iv) सीडीई द्वारा की गई निदान संबंधी अध्ययन के आधार पर एक परियोजना तैयार करना जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ वार्षिक कार्य योजना का उल्लेख हो और साथ-साथ समूह की आवश्यकता, क्रियाकलाप और प्रत्याशित उत्पादन, परिणाम/सुपुदर्गी योग्य उत्पाद का स्पष्ट उल्लेख हो और इस प्रस्ताव को अनुमोदन के वास्ते एसएलपीसी के समक्ष प्रस्तुत करना।
(v) ऊपर उल्लिखित परियोजना को समय सीमा के भीतर कार्यान्वित करना ।
(vi) समय-समय पर वास्तविक एवं वित्तीय प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करना और राज्य सरकार को इसकी पूर्णता रिपोर्ट भी देना ।

(क.7) समूह विकास परियोजना की अवधि

समूह परियोजना की पूर्णता के लिए समय सीमा 3 वर्ष है ।

(क.8) प्रस्तावों की प्रस्तुति और वित्तीय सहायता की रिलीज

(क.8.1) बेस लाइन सर्वेक्षण और निदान संबंधी अध्ययन के लिए प्रारंभिक प्रस्ताव

प्रत्येक समूह का विकास परियोजना रूप में केंद्रीय रूप से प्रायोजित योजना के तौर पर राज्य सरकारों अथवा इसके कार्यान्वयन एजेंसियों के माध्यम से शुरू किया जाएगा । राज्य सरकार एक समूह का बेस लाइन सर्वेक्षण और निदान संबंधी अध्ययन (जिसका उल्लेख पैरा क.2.2 में किया गया है) करने के लिए कार्यान्वयन एजेंसियों (पैरा क.6 देखें) से प्रस्ताव आमंत्रित करेगी जिसकी छानबीन और सिफारिश एसएलपीसी द्वारा विकास आयुक्त (हथकरघा) के कार्यालय को की जाएगी । विकास आयुक्त (हथकरघा) का कार्यालय अभिज्ञात हथकरघा समूहों के बेस लाइन सर्वेक्षण और निदान संबंधी अध्ययन करने के लिए 50% राशि स्वीकृत करेगा । शेष 50% बेस लाइन सर्वेक्षण व निदान संबंधी अध्ययन रिपोर्ट और कार्य योजना (इसके पश्चात, परियोजना रिपोर्ट के रूप में इसका उल्लेख किया जाएगा) जिसकी विधिवत सिफारिश एसएलपीसी द्वारा की गई हो, बेस लाइन सर्वेक्षण व निदान संबंधी अध्ययन के लिए जारी राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूसी), लेखा परीक्षित लेखाओं आदि के प्रस्तुत करने के बाद राज्य सरकार द्वारा आईए को जारी किया जाएगा ।

परियोजना प्रस्तावों जहां समूह का बेस लाइन सर्वेक्षण और निदान संबंधी अध्ययन आईए द्वारा पहले ही कर लिया गया है, भी इस योजना के तहत शामिल होंगे ।

(क.8.2) समूह विकास, की परियोजना रिपोर्ट, कार्य योजना की प्रस्तुति और सहायता की रिलीज

निर्धारित प्रपत्र (**अनुबंध - क-3**) में परियोजना रिपोर्ट में बेस लाइन सर्वेक्षण, निदान संबंधी अध्ययन रिपोर्ट और प्रथम वर्ष के लिए एक पुरस्कार योजना और दूसरे और तीसरे वर्ष के लिए अस्थायी कार्ययोजना होगी । परियोजना रिपोर्ट पर विचार, छानबीन, सत्यापन आदि के लिए संबंधित राज्य आयुक्त/हथकरघा निदेशक की अध्यक्षता वाली राज्य स्तरीय परियोजना समिति (एसएलपीसी) द्वारा की जाएगी । केवल उन्हीं प्रस्तावों की सिफारिश एसएलपीसी द्वारा की जाएगी जो समूह में बुनकरों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए व्यवहार्य एवं लाभकारी पायी जाएगी । राज्य सरकार इस प्रकार के परियोजना प्रस्तावों को अनुमोदन के वास्ते हथकरघा विकास आयुक्त को भेजेगी। हथकरघा विकास आयुक्त के कार्यालय द्वारा ऐसे प्रस्तावों की उचित छानबीन व अनुमोदन के बाद, वित्तीय सहायता समूह विकास कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए कार्यान्वयन एजेंसी (आईए) को 3 किश्तों में जारी की जाएगी अर्थात पहली किश्त के रूप में 30%, दूसरी किश्त के रूप में 40% और शेष तीसरी किश्त के रूप में । केंद्रीय सहायता की रिलीज आईए को राज्य सरकार के माध्यम से परियोजना में यथा उल्लिखित उपयोगिता प्रमाण पत्रों, लेखा परीक्षित लेखाओं, कार्य योजना के अनुसार वास्तवित प्रगति आदि के प्रस्तुत किए जाने के आधार पर की जाएगी । आईए संबंधित सामान्य वित्तीय नियमों (जीएफआर) के अनुसार रिकार्डों को रखेगा । राज्य सरकार कंपोजित परियोजना रिपोर्ट भेज सकती है जिसमें बेस लाइन सर्वेक्षण और निदान संबंधी अध्ययन और समूह विकास कार्य योजना शामिल होगा । ऐसे मामलों में बेस लाइन सर्वेक्षण और निदान संबंधी अध्ययन की कुल लागत तथा प्रस्तावित कार्य योजना का 30% लागत प्रथम किश्त के रूप में हथकरघा विकास आयुक्त के कार्यालय द्वारा रिलीज की जा सकती है ।

भाग-ख

(ख) हथकरघा के विकास के लिए सामूहिक नीति

हथकरघा बुनकर जो समूहों द्वारा शामिल नहीं किए गए हैं, को सामूहिक दृष्टिकोण से लाभ होगा जिसका कार्यान्वयन समान भौगोलिक क्षेत्र अर्थात राजस्व ग्राम, ग्रामीण क्षेत्र में ब्लाक और शहरी क्षेत्रों मे वार्ड जिनमें समान उत्पादन विशेषताएं हैं, में हथकरघा के विकास के लिए परियोजना रूप में कार्यान्वित किया जाएगा । एक समूह में 10 बुनकर अथवा उससे अधिक होने चाहिए जो एसएसजी/प्राथमिक बुनकर सहकारी समिति/अन्य स्वतंत्र/अलग-अलग बुनकर के रूप में हो सकते हैं । संबंधित राज्य सरकार के हथकरघा निदेशक बुनकरों का बेस लाइन सर्वेक्षण करवाएंगे जिसमें बुनकरों को सहायता की आवश्यकता और इस प्रकार की सहायता से होने वाले सामाजिक-आर्थिक लाभ उल्लेख होगा । इस सर्वेक्षण के आधार पर एक परियोजना रिपोर्ट तैयार की जाएगी जिसके आधार पर इन समूहों को वित्तीय सहायता की सिफारिश एसएलपीसी द्वारा की जाएगी । हथकरघा विकास आयुक्त के कार्यालय द्वारा इसकी उचित छानबीन के बाद व्यवहार्य संघटकों के लिए सहायता जारी की जाएगी । ऐसे बुनकर समूह को सहायता निम्नलिखित संघटक के लिए प्रदान की जाएगी :

1. **बेसिक इनपुट्स:** नए करघे, डाबी, जेकार्ड और एक्सेसरीज जैसे बेसिक इनपुट्स के लिए सहायता अलग-अलग बुनकरों को दी जाएगी । मार्जिन धन के लिए सहायता उन हथकरघा बुनकरों को दी जाएगी जिन्होंने स्वयं के बल पर अथवा प्राथमिक हथकरघा बुनकर सहकारी समिति, स्वयं सहायता समहों अथवा सिद्धहस्त बुनकरों के माध्यम से बैंकों के ऋण संपर्क स्थापित किया है ।
2. प्राथमिक बुनकर सहकारी समिति के हथकरघा बुनकरों/कामगारों/कंसोर्टिया/स्वयं सहायता समहों/सिद्धहस्त बुनकरों के लिए **बुनाई, डाइंग, डिजाइनिंग एवं प्रबंधकीय विषयों में प्रशिक्षण कार्यक्रम** का आयोजन संबंधित बुनकर सेवा केंद्रों द्वारा किया जाएगा । कौशल उन्नयन के दिशा निर्देश परिशिष्ट के रूप में हैं । इस संघटक के लिए वित्तीय सहायता सीधे संबंधित बुनकर सेवा केंद्र को जारी की जाएगी ।

3. **<u>कार्यशालाओं का निर्माण</u>** उन बुनकरों को दी जाएगी जिनके पास करघा रखने के लिए अपना निजी कार्यस्थल नहीं है और जो सिद्धहस्त बुनकर/समिति के करघो पर अन्य स्थान पर कार्य कर रहे हैं । इस संघटक के लिए सहायता राज्य में हथकरघा एवं वस्त्र निदेशालय द्वारा प्रायोजित एसएसजी/सहकारी समिति व अलग-अलग बुनकरों के समूह में कम से कम 10 बुनकरों के समूह को दी जाएगी। कार्यशालाओं के निर्माण के लिए सहायता निम्नलिखितानुसार दी जाएगी :

संघटक	**प्रति इकाई क्षेत्र**	**सहायता की राशि**
कार्यशाला का निर्माण	20 वर्ग. मी.	25,000/-रू.

जबकि केंद्रीय सहायता उपर्युक्त स्तर तक सीमित होगी, फिर भी राज्य सरकार/संघ शासित क्षेत्र/कार्यान्वयन एजेंसियों/लाभार्थी अपने निजी अंशदान अथवा वित्तीय संस्थाओं से ऋण के माध्यम से अतिरिक्त लागत यदि कोई हो, को पूरा करने के लिए स्वतंत्र होंगे । इस संघटक के तहत गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) के बुनकरों को वरीयता दी जाएगी । भवनों के निर्माण के लिए, बुनकर ग्रामीण विकास मंत्रालय की इंदिरा आवास योजना के तहत सहायता प्राप्त कर सकते हैं जबकि कार्यशाला के लिए सहायता उनके द्वारा इस योजना के तहत प्राप्त की जा सकती है । बीपीएल के अलावा बुनकरों पर विचार बीपीएल के तहत आने वाले बुनकरों को यथासंभव शामिल किए जाने बाद ही किया जाएगा। 25000 रू. की संपूर्ण सहायता बुनकरों के बीपीएल के तहत आने की स्थिति में केंद्र सरकार द्वारा पूरा किया जाएगा जबकि उन बुनकरों जो बीपीएल के तहत नहीं आ रहे हैं को केंद्र सरकार द्वारा 75% की सीमा तक अर्थात 18,750 रू. की सहायता दी जाएगी और शेष राशि का वहन राज्य सरकार/लाभार्थी द्वारा किया जाएगा ।

4. चयनित समूहों को यार्न, रंजक रसायनों की आपूर्ति के लिए **<u>बैकवार्ड लिंकेज</u>** राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम द्वारा प्रदान की जाएगी ।
5. हथकरघा समूहों से उत्पादों के विपणन के लिए **<u>फारवार्ड लिंकेज</u>** विभिन्न विपणन कार्यक्रमों जैसे राज्य स्तरीय कार्यक्रमों, हाटों, राष्ट्रयी एक्सपो, विपणन एवं निर्यात संवर्धन योजना के तहत विशेष एक्सपो और शिल्प मेलों के तहत दिया जाएगा ।
6. **<u>डिजाइन इनपुट्स</u>** बुनकर सेवा केंद्रों द्वारा प्रदान किया जाएगा ।

(ख.1) विभिन्न संघटकों की मात्रा और हिस्सा निम्नलिखित होगी:

क्र. सं.	**संघटक**	**प्रति बुनकर वित्तीय सहायता**	**बंटवारा भारत सरकार : राज्य : आईए / लाभानुभोगी**
1.	बेसिक इनपुट्स	मार्जिन धन के लिए 6,000/- रू. - एक मुश्त	70 : 20 : 10
		नए करघे के लिए 8,000/- रू. - एक मुश्त	-वही-
		डॉबी के लिए 4,000/- रू. - एक मुश्त	-वही-
		जेकॉर्ड के लिए 6,000/- रू. - एक मुश्त	-वही-
		एक्सेसरीज के लिए 2,000/- रू. - एक मुश्त	-वही-
2.	कौशल उन्नयन	20 प्रशिक्षुओं के बैच के लिए प्रावधान निम्नलिखित होगा: बुनाई के लिए 3.00 लाख रू., डाइंग के लिए 1.00 लाख रू., डिजाइनिंग के लिए 0.50 लाख रू.,, 50 प्रशिक्षुओं के बैच के लिए प्रबंधकीय प्रशिक्षण	100 % भारत सरकार

क्र. सं.	संघटक	प्रति बुनकर वित्तीय सहायता	बंटवारा भारत सरकार : राज्य : आईए / लाभानुभोगी
		के वास्ते 0.25 लाख रू.- एक मुश्त	
3.	+ कार्यशाला का निर्माण	20 वर्ग मी. वाले कार्यशाला के निर्माण के लिए, 25,000/- रू. तक वित्तीय सहायता गरीबी रेखा से नीचे के बुनकरों के लिए दी जाएगी और अन्य बुनकरों के मामले में केवल 25,000/- रू. का 75% अर्थात 18,750/- रू. देगी ।	शेष राशि राज्य सरकार/लाभार्थी द्वारा वहन किया जाएगा

+ इस आशय एक प्रमाण पत्र कि जमीन का हक बुनकर के नाम है प्रस्तुत किया जाना होगा ।

<u>टिप्पणी:</u>

(i) यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किया जाएगा कि सभी जरूरतमंद बुनकरों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप किसी न किसी प्रकार की सहायता मिले ।

(ii) उपर्युक्त क्रम सं.1 और 3 में दिए गए संघटकों के लिए सहायता संबंधित राज्य सरकार के माध्यम से कार्यान्वयन एजेंसी (आईए) को दिया जाएगा जबकि उपर्युक्त क्र. स. 2 पर दिए गए संघटक के लिए सहायता सीधे संबंधित बुनकर सेवा केंद्र को रिलीज की जाएगी ।

(iii) पूर्वोत्तर क्षेत्र के तहत आने वाले राज्यो, सिक्किम, जम्मू व कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तरांचल, छतीसगढ और झारखंड के लिए बेसिक इनपुट् संघटकों के वास्ते बंटवारा का पैटर्न केंद्र सरकार द्वारा 90%, राज्य सरकार द्वारा 5% और लाभार्थी संगठन द्वारा 5% होगा ।

(ख.2) सामूहिक दृष्टिकोण के लिए कार्यान्वयन एजेंसी

संबंधित राज्य सरकार के हथकरघा सहायक निदेशक **अनुबंध-ख-1** के अनुसार समूह का बेस लाइन सर्वेक्षण करवाएगी । इस सर्वेक्षण के आधार पर इन समूहों में बुनकरों के लिए अपेक्षित वित्तीय सहायता का उल्लेख करते हुए एक संक्षिप्त परियोजना रिपोर्ट उनके द्वारा **अनुबंध ख-2(1), ख-2(2) और ख-2(3)** के साथ-साथ प्रपत्र **ख-1 और ख-2** में बनाया जाएगा । इन्हें जांच और उसे हथकरघा विकास आयुक्त के कार्यालय को सिफारिश करने के लिए एसएलपीसी के समक्ष रखा जाएगा ।

(ख.3) सामूहिक परियोजना प्रस्तावों का अनुमोदन और निधियों की रिलीज

भारत सरकार का 75% हिस्सा परियोजना के अनुमोदन के बाद राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वयन एजेंसी को अग्रिम के रूप में रिलीज किया जाएगा और शेष 25% तब जारी किया जाएगा जब जारी की गई केंद्रीय हिस्सा के साथ-साथ राज्य सरकार/कार्यान्वयन एजेंसी/लाभार्थी का समान हिस्सा जहां लागू हो, का पूरा उपयोग कर लिया गया है, जारी की गई केंद्रीय हिस्सा के लिए उपयोगिता प्रमाण पत्र, लेखा परीक्षित लेखाओं, वास्तविक एवं वित्तीय प्रगति रिपोर्ट आदि प्रस्तुत कर दिया गया हो । संबंधित हथकरघा सहायक निदेशक हथकरघा विकास आयुक्त का कार्यालय, नई दिल्ली को राज्य सरकार के माध्यम से परियोजना के पूरा होने के बाद प्रगति व मूल्यांकन रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे । तथापि, कौशल उन्नयन के लिए वजीफा, पारितोषिक, अन्य प्रशासनिक एवं विविध खर्चें का भुगतान और प्रबंधकीय प्रशिक्षण के लिए

सहायता 100% अग्रिम के रूप में जारी की जाएगी जबकि यार्न, करघो, करघा सेटिंग शुल्कों, वार्पिंग ड्रम, एक्सेसरीज की खदीद, नमूनो/डिजाइनों का प्रलेखन, शेडो को भाड़े पर लेने, बिजली एवं पानी शुल्कों, टूल किस्ट्स की खरीद के लिए सहायता 75% अग्रिम के रूप में जारी की जाएगी और शेष 25% उपयोगिता प्रमाण पत्र, इम्पैक्ट रिपोर्ट के प्रस्तुत किये जाने बाद रिलीज की जाएगी ।

टिप्पणी : सामूहिक दृष्टिकोण के लिए प्रस्ताव अर्थात समूह से बाहर को प्रस्ताव की सिफारिश करने वाली एसएलपीसी बैठक के कार्यवृत की एक प्रति के साथ राज्य सरकार द्वारा अनुबंध ख-2(1), ख-2(2) और ख-2(3) के साथ-साथ अनुबंध ख-1 और ख-2 में दिए गए प्रपत्र में हथकरघा विकास आयुक्त के कार्यालय को प्रस्तुत किया जाना चाहिए ।

भाग -ग

(ग) हथकरघा संगठनों को वित्तीय सहायता

(ग.1) विपणन प्रोत्साहन (एमआई)

विपणन प्रोत्साहन हथकरघा एजेंसियों को उन स्थितियों को बनाने के लिए दी जाती है जो हथकरघा उत्पादों के विपणन के लिए अनुकूल है । यह अधिकांशत: हथकरघा क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता में मूल्य के लिए प्रोत्साहन होगा ताकि एक ओर वह मूल्य की कीमत आंशिक रूप से कम करने में सक्षम हो और दूसरी ओर वे अवसंरचना में निवेश कर सके ताकि उत्पादन और उत्पाकदता में सुधार लाया जा सके । यह एजेंसी इस राशि को उन क्रियाकलापों के लिए उपयोग करने की आशा करती है जो हथकरघा समानों की समग्र बिक्री में तेजी लाने के लिए उपभोक्ताओं को आकर्षित करे । विपणन प्रोत्साहन के लिए सहायता राज्य हथकरघा निगमों, शीर्ष सहकारी समितियों, प्राथमिक हथकरघा बुनकर सहकारी समितियों और राष्ट्रीय हथकरघा संगठनों के लिए पात्र होगा । दी जाने वाली सहायता की राशि निम्नलिखितानुसार है:

संघटक	**वित्तीय सहायता(लाख रू.) प्रति बुनकर**	**हिस्सा** **भारत सरकार: राज्य सरकार**
विपणन प्रोत्साहन- हथकरघा निगम, शीर्ष सहकारी समिति, प्राथमिक बुनकर सहकारी समिति, राष्ट्रीय हथकरघा संगठन	पिछले 3 वर्षों में औसत बिक्री कारोबार का10%	50:50, राष्ट्रीय स्तर के हथकरघा संगठनों/समितियों को छोड़कर जहां संपूर्ण सहायता भारत सरकार द्वारा वहन किया जाता है ।

विपणन प्रोत्साहन के दावे **अनुबंध-ग -1** में दिए गए अनुसार निर्धारित प्रपत्र में राज्य सरकार को पात्र हथकरघा संगठनों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा । राज्य सरकार **अनुबंध-ग** में दिए गए अनुसार अपेक्षित प्रमाण पत्र के साथ समेकित विवरण के साथ-साथ इस कार्यालय को अलग-अलग दावे भेजेगा। विपणन प्रोत्साहन (एमआई) के लिए राज्य हथकरघा संगठनों को सहायता संबंधित राज्य सरकार के माध्यम से कार्यान्वयन एजेंसी को रिलीज की जाएगी जबकि राष्ट्रीय स्तर के हथकरघा संगठनों को सहायता सीधे रिलीज की जाएगी ।

टिप्पणी:

